अमर उजाला 25/02/2026

डिजिटल सुरक्षा का दिया ज्ञान

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत विद्यार्थियों को इतिहास, तकनीक और सुरक्षा के विविध पहलुओं का ज्ञान दिया गया। कॉलेज के विभिन्न विभागों द्वारा शैक्षणिक भ्रमण और जागरूकता संगोष्ठियों का सफल आयोजन किया गया। इतिहास विभाग एवं गांधी अध्ययन केंद्र के 53 विद्यार्थियों ने डॉ. धर्मवीर सैनी और डॉ. रितु गुप्ता के नेतृत्व में रोपड़ (पंजाब) का ऐतिहासिक दौरा किया। विद्यार्थियों ने सिंधु घाटी सभ्यता के चार हजार वर्ष पुराने अवशेषों और पुरातात्विक संग्रहालय का अवलोकन किया। उन्होंने महाराजा रणजीत सिंह पार्क में 1809 की ऐतिहासिक अमृतसर संधि के महत्व को समझा। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस यात्रा को अनुभवात्मक अधिगम की दिशा में सराहनीय कदम बताया कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा साइबर फ्रॉड जागरूकता पर संगोष्ठी आयोजित की गई। संवाद